reservoirs where feasible for multipurpose uses.

(b) No Sir. At present, there is no Flood Control project posed to World Bank.

दिल्ली में नार्थ-ट्रंकसीवर का रुक जाना

7465. श्री त्रिलोक चन्द्र : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में नार्थ-ट्रंकसीवर माल रोड से यमुना के निकट शोधन संयंत्र तक रुका पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो इसे किन कारणों से साफ नहीं किया गया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि नार्थ ट्रंक सीवर के रुक जाने के कारण इस सीवर का सारा गन्दा पानी उस मैन होल को तोड़ कर नजफगढ़ नाले में गिराया गया है जिससे यमुना का पानी सीधा प्रदुषित होता है; और

(घ) इस प्रदषण को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) दिल्ली जल प्रदाय तथा मल-व्ययन संस्थान ने सूचित किया है कि माल रोड़ के ऊपर की तरफ दो मेन होल्स क्षति-ग्रस्त /पंक्चर हो गए हैं जिसके कारण कुछ मल नजफगढ़ नाले में बहता है ।

(घ) दिल्ली नगर निगम के द्वारा नजफगढ़ नाले में मल-गन्दगी के बहने को रोकने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कदम उठाये जा रहे हैं : —

(1) उत्तरी दिल्ली के मुख्य सीविर की मरम्मतें की जा रही हैं ।

(2) नजफगढ़ नाले में बहने वाली गन्दगी का माल रोड़ के समीप मुख्य सीवर में पम्प से फेंका जाता है ।

(3) बहाव का अंश पम्प से बाहर निकाला जाता है और नजफगढ़ नाले के आखरी छोर पर प्रक्सीकृत तालाबों में शोधन किया जाता है ।

(4) उत्तरी तथा पश्चिमी दिल्ली में नजफगढ़ नाले के किनारों पर अतिरिक्त निस्त्राव को बहाने के लिए नई मुख्य सीविर लाईन बिछाई जा रही है । पम्पिंग स्टेशन और राइजिंग मेन का कार्य प्रगति पर है ।

(5) पश्चिमी दिल्ली में एक उप-सीविर बिछाया जा रहा है ।

(6) रिठाला में मल पम्पिंग से सम्बद्ध कार्यों सहित एक पम्पिंग स्टेशन तथा एक नया मल शोधन संयन्त्र भी लगाया जा रहा है ।

दूध की प्रति व्यक्ति मांग

7466. श्री चतुर्भुज : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उपलब्ध दूध की मात्रा की तुलना में इसकी प्रति व्यक्ति मांग कितनी है ;

(ख) दूध की वार्षिक मांग कितनी है, तथा वर्ष में कुल कितना दूध उपलब्ध होता है; और

(ग) क्या दूध की कमी दूर करने के लिए छठी पंचवर्षीय योजना में कोई योजना